Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 29-11-2021 अंक 69

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 30 नवंबर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।




### आपसी विवाद में हुई मारपीट मे एक युवक घायल

आपसी विवाद में हुई मारपीट में धनवार निवासी बिनय कुमार पिता परमेश्वर राम घायल हो गया। घायल को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहा से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दिया गया।

### आपसी मारपीट में एक घायल

बरही प्रखण्ड अंतर्गत रसोईया धमना निवासी राजेन्द्र कुमार पिता हुलास साव आपसी विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गए, घायल का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दिया गया।




## खबर का असर...

# खबर प्रकाशित होने के बाद बीडीओ सह सीओ ने किया आदिवासी लोहरा टोली का जायजा, ग्रामीणों से जानी उनकी समस्या

## पीएम आवास, राशन कार्ड एवं पेंशन लाभुकों की सूची बनाने का निर्देश, पेयजल आपूर्ति की मांग

**अपेम लाइव : बरही**



दिब्यांग महिला से वार्ता करते सीओ



लोहराटोली के ग्रामीणों से जानकारी लेते बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो

खोड़ाहर पंचायत के आदिवासी लोहराटोली की मूलभूत समस्या को दर्शाते अपेम लाइव न्यूज़ में 28ननवंबर संध्या को प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए बरही बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो सोमवार को अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के साथ आदिवासी लोहरा टोली पहुंचे और वहाँ के ग्रामीणों से उनकी जन समस्या से अवगत हुए। उन्होंने अपेम अध्यक्ष के साथ एक एक कर डोर टू डोर जाकर उनकी समस्या को नजदीक से जाना। ग्रामीणों ने बीडीओ सह सीओ को बताया कि उनके मुहल्ला को आज तक उपेक्षित रखा गया है। एक चापानल है। वह भी पानी कम निकलता है। दूसरा चापानल पिछले एक साल से खराब पड़ा है। ग्रामीणों ने बंद पड़ा चापानल को भी बीडीओ को दिखाया। बताया कि कई बार मुखिया से फरियाद लगाई गई। लेकिन उन्होंने कोई रुचि नही ली। वहीं पीएचईडी से भी चापानल ठीक कराने की गुहार लगाई गई। लेकिन कोई पहल नही की गई। ग्रामीणों ने बीडीओ को उस कुंए के पास ले जाकर दिखाया, जिस बरसाती कुंए से लोग पानी पीते हैं। उसके बाद कई बुजुर्ग महिलाओं ने शिकायत किया कि उन्हें कोई पेंशन नही मिलता है। जबकि कई बार मुखिया को आवेदन भी दिया। लेकिन उनके आवेदन पर कोई कार्रवाई नही हुई स्थानीय ग्रामीणों ने मांग किया कि एक चापानल है। उसमें सौर ऊर्जा से संचालित पेयजल आपूर्ति सिस्टम लगाया जाय। ग्रामीण महिला लक्ष्मी देवी ने बीडीओ को जानकारी देते हुए बताई की लोहराटोली में 20 से 25 छोटे छोटे बच्चे हैं। जो आंगनबाड़ी सुविधा से वंचित हैं। दूरी के वजह से बच्चे आंगनबाड़ी नही जा पाते हैं।। इसलिए इसी टोले में एक मिनी आंगनबाड़ी सेंटर खोला जाना चाहिए। ताकि बच्चो के साथ साथ धात्री महिलाओं को लाभ मिल पायेगा। ग्रामीणों की समस्या से अवगत होने के बाद बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी हर समस्या का समाधान किया



जिस कुंए से ग्रामीण पानी पीते हैं, उस कुंए का अवलोकन करते बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पे

जाएगा। उन्होंने राशन कार्ड, पेंशन, हेल्थ कार्ड, अवास लाभुकों की सूची बनाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि इस मुहल्ले में सोलर संचालित पेयजल आपूर्ति सिस्ट्म ब्लागया जाएगा। कुछ लोगों ने पोल लाइट लगाने की भी बात की। कच्ची सडक को भी पक्की करने की बात कही। मौके पर लक्ष्मी देवी, सोनू पंडित, कर्मी देवी, मुंशी पासवान, अताउल्ल मुस्तफा सहित कई लोग मौजद रहे।

# अनुमंडलीय अस्पताल बरही में सिविल सर्जन ने की मासिक समीक्षा बैठक, सीएचसी वार लिया गया

**अपेम लाइव : बरही**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ सरयू प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदधिकारी मौजूद रहे। सिविल सर्जन ने सभी सीएचसी की मासिक रिपोर्ट प्राप्त कर वहां चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी ली। इसमे टीक. ाकरण, मलेरिया, कोविड वै. क्सीनेशन सहित अन्य कार्यकम के बारे में रपोर्ट की मांग की। इसमे कई



मासिक बैठक में शामिल लोग

प्रखंड के रिपोर्ट असंतोषजनक पाया गया। इससे सिविल सर्जन नाराज दिखे। मौके पर सीएस डॉ एसपी सिंह, डीआरसीएचओ डॉ कपिल मनी, एसीएमओ डॉ सीबी प्रतापन, डॉ एसएसपी सिंह, डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ सुदीप्त वेदराजन, विष्णुगढ़ एमओआइसी डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ एसके राजन, डॉ पूनम एक्का, डॉ रजनीकांत, डॉ भुनेश्वर कुमार, डॉ ओमप्रक. ाश, डॉ रजनीकांत, डीपीएम रविशंकर सहित अस्पताल के कर्मी मौजूद रहे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## ऑटो व ट्रक की टक्कर में नहीं हुआ मामला दर्ज, सेटिंग के बल पर छूटा घटना में शामिल ट्रक

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा थाना क्षेत्र के रांची–पटना रोड़ इन दिनों दुर्घटनाओं का केंद्र बिंदु बना हुआ है। फोरलेन का निर्माण कार्य चलने और जहाँ–तहाँ सड़क की खराब स्थिति के अलावे चालकों की लापरवाही दुर्घटना का मुख्य कारण बन रहा है। आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं से लोगों की जान तक जा रही है। बाबजूद इसके दुर्घटना में हताहत होने वाले लोगों को इंसाफ और कानूनी सहयोग देने के बजाय उन्हें दिग्भ्रमित कर मामले को रफादफा करने का गोरखधंधा फलफूल रहा है। इन दिनों रांची–पटना रोड़ पर दुर्घटना होते ही तथाकथिक दलाल सक्रिय हो जाते हैं और अपना खेल शुरू कर दोनों पक्षों के बीच भय का वातावरण पैदा कर सेटिंग–गेटिंग कर उल्लू–सीधा कर अपनी रोटी सेंक लेते हैं। रविवार को इसी तरह की एक वाकया देखने को मिली। जब शनिवार की शाम जामुखाण्डी के निकट रांची–पटना मुख्य मार्ग पर ट्रक ओर ऑटो की टक्कर हो गयी। जिसमे ऑटो सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों को प्रशासन की ओर से इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया और घटना में शामिल ट्रक संख्या बीआर 21 एन 9611 तथा ऑटो संख्या जे एच 12 एल 8848 को चंदवारा थाना ले जाया गया। इस बात की भनक जैसे ही तथाकथित दलालों को लगी। वो अपना धंधा में लग गए और मैनेज का खेल शुरू हो गया। रविवार दिन भर सेटिंग का खेल चलता रहा और अंततः उन्हें सोमवार की शुबह सफलता मिल ही गई। सूत्रों की हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑटो चालक को इस प्रकार दिग्भ्रमित किया गया कि वो थाने में मुकदमा हेतु आवेदन ही न दिया और घटना में शामिल ट्रक को सोमवार की शुबह छोड़ दिया गया। अब सवाल ये उठता है कि अगर इस प्रकार सेटिंग का खेल चलता रहा तो न तो शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई हो पाएगी और न दुर्घटना पर अंकुश लगेगा।



घटना में शामिल ट्रक


घटना में शामिल ऑटो

## कांग्रेस पार्टी के बैनर तले निकाला जन जागरण पदयात्रा अभियान

**अपेम लाइव : चरही**
**अरविन्द टुडु**

चुरचू प्रखण्ड के चरही में कांग्रेस पार्टी बैनर तले जन जागरण पदयात्रा अभियान निकाला गया। जिसकी अध्यक्षता चुरचू प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने किया। मुख्यतिथि जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लखराज सिंह उपस्थित हुए थ. ।कांग्रेस कार्यकर्तायों व समर्थकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के शासन काल में बेतहाशा महंगाई बढ़ी हुई है। पूरा आमजन त्राहिमाम कर रहे हैं। रोजी–रा. जगार भी ठप पड़ गया है। लेकिन केंद्र सरकार कान बंद कर सो रही है। देश को कॉग्रेस सरकार ही कल्याण व विकास करवा सकती है। वर्तमान सरकार में सिर्फ लूट मची हुई है। बीजेपी की सरकार गरीब गुरुवा का सरकार नही है। इस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना ही कांग्रेस का एक मात्र मुहिम है। मौके पर राजेश ठाकुर, सुनील सिंह राठौड़, मकसूद आलम, नौशाद आलम, मो.मुस्लिम अंसारी, महबूब अंसारी, कुलेश्वर करमाली, शकूर अंसारी, रामेश्वर महतो, सकील अंसारी, अयुब अंसारी, मंजूर अंसारी सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।



पदयात्रा मे शामिल लोग

## कमल क्लब चरही ने मासी मारसाल स्कूल को 1-0 से पराजित किया

**अपेम लाइव : चरही**
**अरविन्द टुडु**

बाबा साहेब वैचारिक मंच के तत्वाधान में चुरचू प्रखण्ड अंतर्गत चरही बिरसा फूटबॉल मैदान में तीन दिवसीय फूटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया. संचालन दिनेश भुइयां व मुकेश भुइयां ने किया. उदघाटन जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति , प्रमुख अनुक्षी देवी, उपप्रमुख चोलेश्वर महतो, चरही उपमुखिया सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से फूटब०ल किक मारकर मैच का शुभारंभ किया. फाइनल मैच कमल चरही बनाम मासी मारसाल स्कूल चरही के बीच खेला गया जिसमें कमल क्लब चरही ने मासी मारसाल स्कूल चरही को 1–0 से पराजित किया. मैच में कुल 16 टीमों ने भाग लिया. मौके पर विजेता व उपविजेता टीम को शील्ड ,प्रशस्ति पत्र देकर सम्मा. नित किया गया. वंही जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति के सौजन्य से विजेता व उपविजेता टीम को जर्सी देकर सम्मानित किया गया. मौके पर जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि खिलाड़ी को खेल को अपना लक्ष्य मानकर खेले सफलता निश्चितमिलेगी. इस अवसर पर, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मुरारी सिंह, अ०ल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता आनंद सोरेन, समाजसेवी बासदेव करमाली ,झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा, कॉंसिल से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गुड्डू महतो ,पूर्व पैक्स अध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर, ललिता देवी, किशुन महतो ,दिनेश्वर रविदास, दिनेश भुइयां ,मुकेश भुइयां, विजय भुइयां, अमजद अंसारी, रामचरण करमाली, सबीना खातून, ललिता देवी, सतेंद्र सिंह, प्रदीप भुइयां, जुगेश्वर महतो, नर्सिंग राय, अशीन सहित अन्य लोग शामिल थे।


खिलाडियों के साथ अतिथिगण

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---30.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---एकादशी तिथि
दिन :---मंगलवार
नक्षत्र :---हस्त नक्षत्र
योग :---आयुष्मान
करण :---का
सूर्योदय :---प्रातः 06:43
सूर्यास्त : संध्या 05:17
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---कन्या राशि में
आज का राहूकाल दिन :---03:00 बजे से दिनः---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज उत्पन्न एकादशी व्रत होगा।


संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## किसानों के बीच किया गया बीज का वितरण

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**


बीज वितरण करते अधिकारी

चलकुशा : प्रखंड मुख्यालय में आत्मा विभाग के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी एवं अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर के हाथों किसानों के बीच चना एवं सरसों बीज का वितरण किया गया। मौके पर कृषि पदाधिकारी शैलेश रंजन, आत्मा से राजेश कुमार ,जीप उपाध्यक्ष चंदन देवी, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, उप प्रमुख दुर्गा यादव ,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी, प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव ,दशरथ यादव,वासुदेव यादव, मोहसीन यादव इंद्रदेव यादव दिनेश इंद्रदेव चौधरी, श्याम सुंदर मालाकार, एवं काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## घर घर पहुंच रहा सरकार कि जनकल्याणकारी योजनाएँ, लोग हो रहे है लाभान्वित

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**


कार्यक्रम का उदघाटन करते अतिथि

चौपारण : प्रखण्ड के बेला पंचायत के मध्य विद्यालय भूषनडीह के परिसर में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सातवें शिविर का आयोजन हुआ। सातवें शिविर का उद्घाटन बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रेमचन्द सिन्हा ,कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, मुखीया शम्भू नारायण सिंह, विधायक प्रतिनिधि बीरबल साहू, पंसस मो सरवर ने सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बीडीओ श्री सिन्हा ने सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष ने कहा कि हेमन्त सरकार चाहती है आपको किसी भी सरकारी काम को करवाने में परेशानी न हो इसलिए सरकार के सभी विभाग के अधिकारी को ही आपके बीच भेज दिए हैं। वहीं इस दौरान ग्रामीणों ने आए इग्यारह हजार के बिजली तार टूटकर नीचे गिरने की शिकायत की और ठीक करवाने की मांग की। वहीं चौपारण से बेला को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग में आरईओ से बने रहे सड़क व कहीं कहीं पीने के पानी की किल्लत की भी शिकायत की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि बाल किसुन यादव,बीरबल साहू, जानकी यादव, हेलाल अख्तर ,शमशेर आलम , अनिल पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि पुत्र का ट्रेन दुर्घटना में मौत

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**


मृतक का फाइल फोटो

चपरी निवासी सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह के पुत्र धीरण सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष का ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गया। घटना कि सूचना मिलते ही चपरी सहित पूरे प्रखण्ड में शोक की लहर दौड़ पड़ा। पीड़ित परिवार ने बताया कि धीरण ट्रेन से अपने घर लौट रहे थे तभी अचानक उत्तर प्रदेश स्थित गुगोरी चौकी महोबा के आसपास धीरण सिंह अनियंत्रित होकर ट्रेन से नीचे गिर गया। घटना कि सूचना स्थानीय लोगों ने मृतक के मोबाइल से परीजनों को दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही शोक की लहर दौड़ पड़ा। यूपी से शव लाने के लिए परिजन घटना स्थल पर पहुँच गये है। मालूम हो कि मृतक अपने पीछे एक पुत्री व एक पुत्र छोड़कर चले गये। विधायक ने घटना के प्रति गहरी सवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हमारे अपूरणीय छति है। दुःख प्रकट करने वालो समाजसेवी हरिचन्द्र सिंह, भुनेश्वर यादव, भाजपा नेता मनोज सिंह, अनिल पांडेय, अशोक सिंह, रबिश सिंह, मनोज सिंह, सहित अन्यलोग मौजुद थे।


## दूसरी बार झामुमो जिला उपाध्यक्ष बने केंदुआ निवासी बीरेंद्र राणा

### संगठन मजबूती के लिए पंचायत वार होगा संगठन विस्तार : बीरेंद्र राणा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**


बीरेन्द्र राणा

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव बिनोद कुमार पांडेय ने झारखण्ड प्रदेश कमिटी का विस्तार करते हुए चौपारण प्रखण्ड के केंदुआ निवासी बीरेंद्र राणा को लगातार दूसरी बार हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौपा गया। जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर बीरेंद्र राणा ने शिबू सोरेन, केन्द्रीय अध्यक्ष सह सीएम हेमन्त सोरेन, केंद्रीय नेतृत्व आदि के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेवारी सौपा है उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूँगा। बीरेंद्र राणा ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव को धयान में रखकर केंद्रीय नेतृत्व के आह्वाहन पर जल्द ही पंचायत वार संगठन विस्तार किया जाएगा। श्री राणा ने कहा कि हेमन्त सरकार सरकार जनहित मे कार्य कर रही है। कहा राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचना हमारा लक्ष्य होगा। वही फिर से जेएमएम नेतृत्व ने हजारीबाग जिला अध्यक्ष के रूप में शंभूलाल यादव को जिम्मेदारी सौपा।




## झूठे वायदों और चुनावी जुमलों को मतदाता पहचान चुकी है : मुकेश कुमार

**अपेम लाइव : बरही**


मुकेश कुमार

करियातपुर पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार ने पंचायत चुनाव में भावी प्रत्याशियों का एक विश्लेषण किया है। उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव टलने के बाद चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवारों का समाज सेवा में गिरावट आ गई है। झारखंड पंचायत चुनाव की जब सूचना मिला कि दिसंबर 2021 में पंचायत चुनाव करा लिया जाएंगे तो पता नहीं समाजसेवियों का अचानक से क्या हो गया। समाज सेवा करने वालो की होड़ सी लग गई। कोई राशन कार्ड तो कोई विधवा पेंशन दिलवाने के लिए वायदे करने लगे। समाजसेवियों ने दीपावली, छठ पूजा की बधाई देना प्रारंभ किया कर दिया। मतदाता वैसे लोगो को पहचानना प्रारंभ कर दिया है। चुनावी जुमलों और वादों को जनता समझ चुकी है। हलांकि आज भी जो सच्चे समाजसेवी है जिन्हें चुनावी माहौल से कोई मतलब नहीं होता है, आज भी क्षेत्र डटे हुए है। अपने सेवा दे रहे हैं ऐसे लोगों की पहचान जनता बखूबी कर रहे हैं पुनः पंचायत चुनाव होने की घोषणा किया जाएगा तो फिर से पुनः क्षेत्र में दिखना प्रारंभ हो जाएंगे। ऐसे लोगों से मतदाता से बचकर रहना है।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना







डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 29-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 05

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

दिनांक: 29-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## विष्णुगढ़ प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने की जन जागरण पदयात्रा

### केन्द्र की जनविरोधी नीतियों के कारण देश में बढ़ी महंगाई

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**




कांग्रेस की जनजागरण पदयात्रा में शामिल कार्यकर्ता

डीजल-पेट्रोल, गैस सिलेंडर समेत खाद्य पदार्थों के मूल्य में बेतहाशा बढ़ोतरी को लेकर प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा जन जागरण पदयात्रा निकाली गई। प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी के नेतृत्व में विष्णुगढ़, चेडरा, नवादा तथा बकसपुरा पंचायत में कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा करते हुए देशव्यापी महंगाई का विरोध किया। जुलूस के रूप में कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार विरोधी नारे लगाए और कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण देश में महंगाई आ. समान पर है। महंगाई से आम लोगों का जीवन मुहाल हो गया है। लोगों को महंगाई से मुक्ति का सपना दिखाकर सरकार केन्द्र पर काबिज हो गई। केन्द्र सरकार ने लोगों के साथ धोखाधड़ी किया। इस आमजन विरोधी नीतियों को जनता अब समझ चुकी है। समय आने पर उचित जवाब देगी। इधर, देश की संपत्तियों को क०रपोरेट घरानों के हाथों बेचा जा रहा है। निजीकरण से देश एक बार फिर से गुलामी की राह पर अग्रसर है। मौके पर प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मंसूर आलम, सदरुल होदा, रवि कुमार मंडल, जिला उपाध्याय सुरेंद्र मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष रामजन्म राय, जिला उपाध्यक्ष विश्वेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, जिला सचिव जगदीश बर्मन, प्रखंड सचिव गणपति स्वर्णकार, शिव प्रसाद लाहकार, शफीक आलम, मो तैयब, इकरार अंसारी, अफरोज आलम, जाकिर हुसैन, हाफिज अंसारी, तनवीर हुसैन, मासूम अंसारी, करीम अंसारी, फैयाज अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## बाल विवाह रोकथाम जागरूकता को लेकर किशोरियों की फुटबॉल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**




बाल विवाह रोकथाम को लेकर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल लोग

बाल विवाह रोकथाम के लिए बालिकाओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों के बीच जागरूकता के प्रसार को लेकर विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में किशोरियों की फुटब०ल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मैच भेलवारा बनाम बेड़ा हरियारा की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें बेड़ा हरियारा की टीम 1-0 से विजेता रही। जीएफएफ द्वारा प्रायोजित समाधान संस्था के तत्वाधान में आयोजित कराए गए मैच में विजेता टीम को जिप सदस्य यशोदा देवी के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्था की कार्यकारी निदेशक हिल्डा पिंटो ने कहा कि समाज में आज भी बाल विवाह का प्रचलन है। इस सामाजिक कुरीति के कारण सीधा असर न केवल किशोरी बल्कि उनके परिवार और पूरे समुदाय पर होता है। शिक्षा के अलावा लड़कियों के समुदाय पर योगदान देने की क्षमता प्रभावित होती है। कहा कि बाल विवाह से घरेलू हिंसा को भी बढ़ावा मिलता है। इसकी रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता आवश्यक है। इसके लिए संस्था द्वारा कई तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। किशोरियों एवं आम लोगों के बीच जन जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, खेल प्रतियोगिता आदि कराई जा रही है। हम सबों के इसके उन्मूलन का संकल्प लेना है। मौके पर चाइल्डलाइन टीम लीडर राहुल शीतल, रश्मिलता, नीतु कुमारी, प्रभा कुमारी, जगदीश शर्मा, रीता देवी, सुरेश राम समेत कई लोग मौजूद थे।

## शंभुलाल के दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव

विष्णुगढ़ निवासी शंभुलाल यादव हजारीबाग जिला झामुमो के दोबारा जिलाध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। झामुमो केन्द्रीय कार्यसमिति ने प्रथम कार्यकाल को बेहतर समझते हुए उनपर फिर से भरोसा जताया है। दोबारा जिलाध्यक्ष चुने जाने पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने फिर से भरोसा जताते हुए जो जिम्मेवारी दी है। उस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा महासचिव विनोद पांडेय को धन्यवाद दिया है। कहा कि संगठन को मजबूत करते हुए सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचना प्रा. थमिकता होगी। झामुमो प्रखंड कमेटी ने भी हर्ष जताते हुए कहा कि पार्टी और संगठन के लिए समर्पित होकर कार्य करने का उन्हें तोहफा मिला है। उनके नेतृत्व में जिले का संगठन मजबूत हुआ है। अब और भी सशक्त होगा। बधाई देने वालों में महताब आलम, कपिलदेव चौधरी, राजू श्रीवास्तव, राणा इकबाल खान, सुनील अकेला, अनुराग बर्मन, संजय प्रजापति, संजय पटेल, संतोष पटेल, शरीफ अंसारी, विकास सोनी, मनोवर आलम समेत कई लोग शामिल हैं।




## केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने की मड़मो मवि को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की अनुशंसा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा विधायक अन्नपूर्णा देवी ने शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से प्रखंड के मड़मो उत्क्रमित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की अनुशंसा की है। इस आशय का पत्र उन्होंने शिक्षामंत्री को भेजा है। कहा है कि मड़मो में उमवि तथा उमवि बरवाडीह संचालित हैं। इन दोनों विद्यालयों में करीब 600 विद्यार्थी पढ़ते हैं। मड़मो में उच्च विद्यालय नहीं होने से उच्च शिक्षा के लिए यहां के छात्र-छात्राओं को काफी दूरी तय कर चानो या सारूकुदर जाना पड़ता है। जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। कहा है कि समुचित संसाधनों के अभाव में बच्चे खासकर बालिकाएं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसी स्थिति में उमवि मड़मो को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कर देने से बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा होगी। पत्र की प्रति सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भी दी गई है।

## संतोष ठाकुर के नेतृत्व में 11वां अश्वल इंडिया ओपन कराटे चौंपियनशिप में झारखंड ने जीता 14 गोल्ड



संतोष ठाकुर

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



उपस्थित प्रशिक्षक एवं अन्य कराटे खिलाड़ी

बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला निवासी कराटेकार प्रशिक्षक संतोष ठाकुर के नेतृत्व में 11वां अ०ल इंडिया ओपन कराटे चौंपियनशिप 2021 में झारखंड के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरे स्थान पर रहा। तीन दिवसीय कराटे चौंपियनशिप उड़ीसा के भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। इस चौंपियनशिप में झारखंड से कुल 68 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें उड़ीसा प्रथम स्थान, मध्य प्रदेश द्वितीय एवं झारखंड 14 गोल्ड, 17 सिल्वर व 12 ब्रांच मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कोच संतोष ठाकुर से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि झारखंड से हमारे सभी खिलाड़ियों ने अच्छे प्रदर्शन किए। रिंग के मैदान में अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों पर हमेशा हावी होकर खेलें।

## अपने शौहर के जनाजे की दीदार के लिए एक सप्ताह से तरस रही है महिला

### शौहर को दो गज जमीन दिलवाने के लिए महिला ने सी एम और पी एम से लगाई गुहार

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



मृतक की पत्नी



मृतक मो असगर

भारत के लोगो की मौत चाहे जहां भी हो जाए लेकिन जनाजा या अर्थी अपनी जमीन या मुल्क में ही दफन हो शरीर,ये चाहत सभी को रहता है।और ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां एक महिला ने अपने एक सप्ताह से मृत पड़े शौहर की जनाजे की दीदार के लिए लगातार प्रयासरत है,लेकिन लगभग एक सप्ताह होंने को चला लेकिन अपने शौहर की शव को दीदार नहीं कर पा रही है। अब भी वो महिला अपने शौहर का दीदार के लिए इंतजार कर रही है।

**क्या है मामला-** चतरा जिला के राजपुर थाना क्षेत्र के मदगड़ा गांव जे मो. असगर पिता मो. असरफ अली का निधन 23 नवम्बर को सऊदी अरब में काम करने के दौरान हो गया।असगर किसी दवा कम्पनी में सुप. रवाइजर का काम करता था।और पिछले कई माह से वह सऊदी अरब में काम कर रहा था, अचानक 23 नवम्बर को तबियत खराब हुआ जिसे कम्पनी के लोगो ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकि. त्सकों ने हार्ड ब्ल०क होने की बात कही और उसको मृत घोषित कर दिया। अपने शौहर की जनाजा के दिदार के लिए एक सप्ताह से इंतजार में है पत्नीरू- मो.असगर की मृत्यु हुए लगभग एक सप्ताह होने चला लेकिन शौहर की जनाने को अभी तक दीदार भी उसकी पत्नी नहीं कर पा रही है।पत्नी मजमा खातून ने अपने शौहर दर्शन को लेकर उसकी आंखें पत्थरा गई है।वही असगर की दो बच्चे भी है जो अपने अब्बा की जनाजे को दीदार की इं. जतार कर रहे है। शौहर को अपने वतन में दो गज जमीन दिलाने को लेकर पत्नी ने सी एम और पी एम से लगाई गुहाररू- मजमा खातून और उसके दो बच्चे अपने शौहर और बच्चे अपने अब्बा की शव को अपनी वतन में दो गज जमीन दिलवाने के लिए सी एम झारखण्ड और पी एम से गुहार लगाई है।महिला को अभी भी आशा ही नहीं विश्वास है कि उसके शौहर के मृत शरीर उसके गांव जरूर आएगा।और शौहर के मृत शरीर के लिए उपायुक्त चतरा, सांसद और मंत्री से गुहार लगाई है। परिजनों का है रो-रो कर बुरा हालरू- मृतक असगर के गांव मदगड़ा में पत्नी माजमा खातून की आंखे अपने शौहर के इन्तजार में पथतरा गया है।वही बच्चो और घर वाले का हाल रो रो कर बुरा हो गया है।एक सप्ताह से लोग घर मे खाना नहीं खाए है और चूल्हा भी नही जल है। पंचायत के मुखिया ने **सांसद और विदेश मंत्रालय से शव को गांव लाने की किया मांग** मदगड़ा पंचायत को मुखिया योगेश कुमार यादव ने उपायुक्त चतरा, सांसद सुनील सिंह एवं विदेश मंत्रालय से असगर की शव को गांव वापस मंगवाने की मांग किया है।यादव ने कहा कि यदि जरूरत पड़ा तो एक आवेदन उपायुक्त चतरा को देते हुए प्रधानमंत्री को भी पत्र लिख कर शव को गांव मंगवाने की मांग करेंगे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पंदनवा टांड आजादी के बाद से अभी विकास से मिलो दूर

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


उपस्थित ग्रामीण

बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला पंचायत के पंद. नवाटांड़ आज भी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित है। आजादी के 74 साल गुजर गए, लेकिन विकास की एक भी धारा इस गांव में नहीं बहा है। चुनाव के दिनों में जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करके जाते हैं, परंतु चुनाव जीतने के बाद अपने वादे भूल जाते हैं। पंदनवाटांड़ में लगभग 40 घर के लोग निवास करते हैं यहां की आबादी लगभग 175 से भी ज्यादा हैं। एक प्राथमिक विद्यालय बच्चों के लिए है जो ल०कडाउन के कारण प्रभावित है। चेपाकला पंचायत भवन से इस गांव के साथ संपर्क साधने के लिए पगडंडियों का सहारा लेना पड़ता है। सड़के इतनी खराब की एक मोटरसाइकिल भी इस गांव तक नहीं ले जाया जा सकता है। ग्रामीणों को इलाज कराने के लिए लगभग 15 किलोमीटर की यात्रा तय कर बड़कागांव आना पड़ता है। बीमारी के कारण ज्यादा स्थिति खराब होने पर बीमार व्यक्ति को खटोला में लादकर मुख्य मार्ग तक कंधे में उठा कर लाया जाता है। पंदनवाटांड़ के लिए बिजली एक सपने के समान है। इस गांव में आज तक किसी के घर में टीवी या रेडियो तक नहीं है। लोग सोलर प्लेट का सहारा लेकर मोबाइल चार्ज करते हैं। गांव की गलियों में एक भी सोलर लाइट देखने को नहीं मिला। रात होते ही इस गांव को अंधेरा अपने आगोश में ले लेता है। घरों को प्रकाशित करने के लिए किरासन तेल का प्रयोग कर डिबरी या लकड़ियों को जलाकर करते हैं। चारों ओर जंगल से गिरे होने के कारण हाथियों का तांडव का भय हमेशा बना रहता है। हाथी की भय से शाम होते ही लोग अपने-अपने घर में दुबक जाते हैं। गिने चुने लोगों को ही वृद्धा पेंशन एवं प्रधानमंत्री आवास मिला है। लोगों का मुख्य व्यवसाय खेती-बाड़ी, मजदूरी या जंगल से सूखी लकड़ियों को इकट्ठा कर बड़कागांव या हजारीबाग के बाजारों में बेचकर अपना जीवन यापन करना है। मामले को लेकर बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडे से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पंदनवाटांड़ गांव का वस्तु स्थिति मेरे संज्ञान में नहीं है जल्द ही एक टीम बनाकर लोगों की समस्या सुनने के लिए मैं पंदनवाटांड़ भेजूंगा। चेपाकला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेश रजक ने कहा कि बिजली विभाग के आला अधिकारियों से बात हो चुकी है बहुत जल्द बिजली के खंभे लगाकर पंदनवाटांड़ में बिजली पहुंचाया जाएगा।

## बनासो में घर के सामने खड़ी हाइवा चोरी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बनासो में रविवार की देर रात घर के सामने खड़ी हाइवा (जेएच09एबी 1741) की चोरी हो गई। इसे लेकर ट्रक मालिक बो. कारो जिला के झिरकी निवासी साबिर अंसारी ने विष्णुगढ़ थाना में आवेदन दिया है। कहा कि वे अपनी हाइवा को बनासो निवासी रिश्तेदार यासीन अंसारी के घर के पास शनिवार की शाम खड़ा किए थे। इसी बीच सोमवार की सुबह जब सोकर उठे तो देखा कि हाइवा गायब है। बताया जाता है कि चोरी के बाद हाइवा में लगी जीपीएस को चोरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इसके पूर्व बनासो में होंडा शोरूम में भी चोरी की घटना हो चुकी है। लगातार चोरी की घटना से लोग भयभीत हैं।

## होंडा शोरूम का ताला तोड़कर नई बाइक ले उड़े चोर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बनासो स्थित रॉयल ऑटोमोबाइल्स होंडा शोरूम के शटर का ताला तोड़कर चोर नई बाइक ले उड़े। इसके अलावा चोरों ने शोरूम में रखे दो लैपट०प, बाइक के महंगे अ०टो पार्ट्स समेत गल्ला में रखे नकदी पर भी हाथ साफ कर दिया। इसे लेकर शोरूम मालिक इमरान खान पिता शेख अजीज ने विष्णुगढ़ थाना को आवेदन दिया है। कहा है कि प्रतिदिन की भांति शाम में शोरूम को बंद कर अपने घर चला गया। अगली सुबह जब दुकान पहुंचा तो देखा कि दुकान का शटर खुला हुआ है। शटर के सभी ताले टूटे हुए हैं। जब दुकान की जांच की तो पता चला कि शोरूम से बिना रजिस्ट्रेशन की नई होंडा लिबो बाइक, दो लैपट०प, ऑटो पार्ट्स, आवश्यक कागजात के अलावा नकदी करीब तीन हजार रूपए गायब है। शोरूम मालिक ने करीब एक लाख पचासी हजार रूपए की संपत्ति की चोरी का अनुमान बताया है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।




# अंबा प्रसाद के प्रयास से बहुत जल्द चालू होगा हरली विद्युत सब स्टेशन

## बड़कागांव एवं केरेडारी वासियों को लोड शेडिंग तथा बिजली कटौती से मिलेगी निजात

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



हरली बिजली सबस्टेशन

बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में बिजली में होने वाले लो वोल्टेज,लोड शेडिंग तथा अत्यधिक बिजली कटौती से बहुत जल्द ही निजात मिलने वाली है।इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड के हरली पंचायत के ग्राम ललकी माटी में बहुप्रतीक्षित विद्युत सब स्टेशन का निर्माण लगभग पूर्ण हो गया है तथा सबस्टेशन का ट्रायल चल रहा है। बिजली विभाग से हरली सब स्टेशन को जल्द चालू करने के लिए लगातार संबंधित अधिकारियों के संपर्क में थी एवं जगह-जगह पर इस मुद्दे को जोरदार तरीके से रखा था और अंततः हरली सब स्टेशन का कार्य पूर्ण हो गया है,जल्द ही क्षेत्रवासियों की बिजली सबंधित समस्याएं दूर होंगी। उन्होंने बताया कि एकमात्र बड़कागांव विद्युत सब स्टेशन रहने के कारण हर क्षेत्र को बिजली बांट कर दी जाती थी, किसी क्षेत्र में बिजली काटी जाती थी, तो किसी क्षेत्र में बिजली दी जाती थी। इस कारण बड़कागांव प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के दर्जनों गांव जिसमें हरली, बादम, अंबा. जीत, महुगाई कला, गोंदलपूरा, जोराकाठ, बाबूपारा, राउतपारा, डोकाटाडं, नापो खुर्द नापो कला, बलिया समेत कई गांव में को बिजली समस्याओं को झेलना पड़ता था।अब हरली विद्युत सब स्टेशन चालू हो जाने से बड़कागांव तथा केरेडारी के ग्रामीणों को बिजली की आंख मिचौनी का सामना नहीं करना पड़ेगा। दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना भारत सरकार की ग्रामीण विद्युतीकरण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योजना

**गांव का विकास –** गर्व के साथ यह उपकेंद्र 33/11 केवी 2 × 5 एम भी ए जनपद हेतु बनकर तैयार है।इस विद्युत उपकेंद्र का निर्माण विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचा. लित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत किया गया है। केंद्र में 5 एमवीए के दो पावर ट्रांसफार्मर अन्य उपकरण के साथ लगाया गया है।इस उपकेंद्र के विद्युतीकरण से 2011 की जनगणना के अनुसार क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। वही इस योजना के अंतर्गत क्षेत्र के निवासियों को निःशुल्क बिजली कने. क्शन दिया जा रहा है।

**बिजली से वंचित ग्रामों में यथाशीघ्र पहुंचाई जाएगी. कनेक्शन**
विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आंगो पंचायत के ग्राम गुड़कुआ, सिमराजरा, चेपाकला पंचायत के पद. नवटाड़, जरजरा के मचवाटाड़ समेत कई ग्राम जहां आजादी के बाद भी बिजली नहीं पहुंची है,उन गांवों में बिजली पहुंचाने के लिए लगातार हर स्तर पर विधानसभा से लेकर अधिकारियों के दरवाजे खटखटाई हूं ,बहुत जल्द सभी गावों में बिजली उपलब्ध हो जाएगी।

